हरिभूमि

# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, रविवार 16 जून 2024

09 शैक्षणिक सत्र शुरू होने से पूर्व एसडीएम ने ली जन...



10 कानून को 'ताक' पर रखकर 'शराब फैक्ट्री' में...





## आज केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज से मिलने भोपाल जाएंगे भाजपाई



**विदिशा।** भारत सरकार में केंद्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री बने शिवराज सिंह चौहान रविवार को प्रथम बार भोपाल पहुंचेंगे। उनके स्वागत के लिए विदिशा से विधायक मुकेश टंडन के नेतृत्व में सैकड़ों लोगों भाजपा के कार्यकर्ता और जनप्रतिनिधि भोपाल रवाना होंगे।

### खबर संक्षेप

## ग्यारसपुर सीएम राइज की 2 छात्राओं को मिलेगी 80 हजार रुपए छात्रवृति



**ग्यारसपुर।** सीएम राइज स्कूल ग्यारसपुर से इस वर्ष 2024 में उत्तीर्ण हुई दो छात्राओं में सेजल सेन एवं प्रकृति दांगी को इंस्पायर योजना के तहत उच्च शिक्षा के लिए 80 हजार रुपए छात्रवृति मिलेगी। इंस्पायर स्कालरशिप योजना के तहत 80 हजार रुपए प्रतिवर्ष विज्ञान विषय में उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए दिए जाते हैं। सेजल सेन ने इस वर्ष कक्षा 12वीं में 91% अंक लाकर सीएम राइज स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त किया है।

## ग्यारसपुर थाने में हुई शांति समिति की



**ग्यारसपुर।** आगामी त्योहार को देखते हुए थाने में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। थाना प्रभारी सीमा राय द्वारा थाना ग्यारसपुर में शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। आगामी त्योहार ईदुज्जुहा को सौहार्द्रपूर्ण माहौल में मनाने चर्चा की गई। वहीं आवश्यक व्यवस्था हेतु सुझाव मांगे गए। ग्यारसपुर की शांति समिति की बैठक में सभी धर्मों के अनुयायी सहित ग्यारसपुर तहसीलदार सौरभ मालवीय भी मौजूद रहे।

## संकल्प लिया और 25 यूनिट किया रक्तदान



**विदिशा।** माहेश्वरी युवा मंडल ने माहेश्वरी समाज के वंश उत्पत्ति दिवस महेश नवमी के उपलक्ष्य पर 25 यूनिट ब्लड बैंक को ब्लड प्रदान किया गया। सैकड़ों सामाजिक बंधुओं ने संकल्प लिया कि जब आवश्यकता पड़ेगी तब रक्तदान करने के लिए तत्पर रहेंगे। यह जानकारी जिला सचिव आशीष मोहता ने प्रदान की।

### मानसून सिर पर, नहीं हुई शहर के प्रमुख बड़े नालों की सफाई


# अतिक्रमण से सकरे हुए शहर के नाले, बनेंगे जलभराव का कारण

हरिभूमि न्यूज ▶▶|विदिशा

मानसून कभी भी दस्तक दे सकता है। मौसम विभाग ने इस वर्ष सामान्य से अधिक बारिश होने की संभावना जताई है। इधर शहर के प्रमुख बड़े नालों ठंसे पड़े हैं। नालों में इतनी गंदगी है कि जगह जगह से जाम हो रहे हैं, जो बारिश के दौरान शहर में जल भराव का कारण बनेंगे। दूसरी वजह शहर में जगह जगह नालों पर भारी मात्रा में अतिक्रमण हैं। कहीं-कहीं तो नालों के ऊपर मकान बन चुके हैं। ऐसे स्थानों पर प्रतिवर्ष जलभराव की स्थिति बनती है।

नालों पर अतिक्रमण के कारण शहर में बन रही जलभराव की स्थिति की जानकारी अधिकारियों से लेकर जनप्रतिनिधियों को तक है, लेकिन इन नालों को अतिक्रमण से मुक्त कराने प्रभावी कार्रवाई के लिए किसी के पास समय नहीं है। जिसका खामियाजा बारिश के दौरान आम लोगों को चुकाना पड़ता है। मोहल्ले जलमग्न हो जाते हैं और बस्तियां डूब जाती हैं।

इसके बाद अधिकारी और जनप्रतिनिधि बचाव और राहत कार्यों के नाम पर फोटो खिंचवाकर वाहवाही लूटने पहुंच जाते हैं। शहर में ऐसे कई स्थान हैं जहां पर पहले कभी जलभराव की स्थिति नहीं बनती थी, लेकिन पिछले दो से तीन साल में यह क्षेत्र जलमग्न होने लगे। ड्रनेज सिस्टम फैल साबित होने के कारण शहर के मुख्य बाजार निकासा में तक जल भराव की स्थिति बनने लगी है। यह स्थिति किसी से छिपी नहीं है, लेकिन जलभराव न हो इसके लिए आज तक कोई प्रयास नहीं किए गए।



**विदिशा।** पूरनपुरा स्थित नाला जिसमें बारिश के दौरान बड़ी मात्रा में पानी आता है इस नाले में गंदगी भरी पड़ी है।

### बारिशः अगले सप्ताह में मानसून आने की संभावना

अगले सप्ताह तक मानसून आने की संभावना है। पर अभी तक शहर के नालों की सफाई शुरू नहीं हुई है। कई नालों पर लोगों ने पक्का अतिक्रमण कर रखा है तो कही नालों पर कब्जा करके उसे सकरा कर दिया है। जिसके कारण बरसात के दिनों मे जलभराव की स्थिति बन जाती है। इन्हीं समस्याओं को लेकर तहसीलदार अमित सिंह, जनप्रतिनिधियों और नगर पालिका के अधिकारी कर्मचारियों के साथ सागर पुलिया इलाके में पहुंचे थे। जहां उन्होंने सागर पुलिया के नाले का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने नाले पर बने पक्के अतिक्रमण को तोड़ने के निर्देश दिए थे। पूरे शहर के नालों पर से पक्के अतिक्रमण को हटाया जाएगा और उनकी साफ सफाई की जाएगी ताकि बरसात के दिनों में कहीं पर भी जल भराव की स्थिति ना बने। उल्लेखनीय है कि बरसात के मौसम में शहर में कई स्थानों पर जल भराव की स्थिति बन जाती है। अतिक्रमण की वजह से नालों में से पानी निकलने में दिक्कत होती है। सागर पुलिया इलाके में ज्यादा बारिश होने पर लोगों के घरों में पानी भरा गया था। इसके अलावा रायपुरा बस्ती, डंडापुरा, कागदीपुरा यह वह इलाके हैं जहां पर बारिश के दौरान हर बार जलभराव की स्थिति बनती है, लेकिन इसका आज तक स्थाई हल नहीं निकाला जा सका।

### जल भराव से बचने दुकानों के आगे दीवार उठा रहे व्यापारी

तलैया और बांसकुली क्षेत्र में इस बार बारिश के पूर्व यहां के दुकानदारों ने अपने दुकानों को जल भराव से बचाने के लिए दुकानों के सामने तीन से चार फीट की स्थाई दीवार बनाई है। कई दुकानों में दीवार बनाने का काम किया जा रही है। बीते साल भी यहां पर इस रोड पर तकरीबन 4 से 5 फीट पानी भर गया था जो दुकानों के अंदर जाकर उनके सामान को खराब करने का कारण बना था। किसी भी दुकानदार को शासन की तरफ से मुआवजा भी नहीं मिला। इस पूरे मामले को लेकर एसडीएम क्षितिज शर्मा का कहना है कि कलेक्टर ने बैठक करके शहर के अंदर जलभराव की स्थिति न बने उसको लेकर निर्देश दिए हैं। कई जगह से शिकायत मिलने के बाद नालों की भी साफ सफाई की जा रही है ताकि बारिश के पानी को जल्द और आसानी से बाहर निकाला जा सके। कागदीपुरा में भी हर साल दुकानों में पानी भरता है।

## बैतूल के कॉलेज में शमशाबाद के असिस्टेंट प्रोफेसर की पिटाई के मामले कार्रवाई की मांग

### कार्रवाई न होने पर प्रदेशभर में उग्र आंदोलन की चेतावनी



**विदिशा।** धाकड़ किरार समाज के युवाओं ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर दिया ज्ञापन।

हरिभूमि न्यूज ▶▶|विदिशा

बैतूल के कॉलेज में प्रोफेसर के साथ मारपीट के मामले में विदिशा में धाकड़, किरार समाज में नाराजगी है। आरोपियों पर सख्त कार्रवाई की मांग को लेकर शनिवार दोपहर धाकड़ किरार समाज ने ज्ञापन सौंपा।

असिस्टेंट प्रोफेसर नीरज धाकड़ विदिशा जिले के शमशाबाद तहसील के हींगली गांव के रहने वाले हैं। शुक्रवार को बैतूल में कॉलेज के अंदर नीरज धाकड़ पर बदमाशों ने हमला कर दिया। नीरज की आंखों में मिर्ची डालकर उनके साथ लाठी-डंडों से पिटाई की गई। इस हमले में नीरज को गंभीर चोटें आई हैं। नीरज का भोपाल में इलाज चल रहा है। घटना से विदिशा में किरार धाकड़ समाज में आक्रोश है। शनिवार को किरार धाकड़ समाज के पदाधिकारी कलेक्ट्रेट पहुंचे। जहां मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। नीरज के साथ मारपीट करने वाले असामाजिक तत्वों पर सख्त और जल्द कार्रवाई करने की मांग की है। कार्रवाई न होने पर विदिशा सहित प्रदेशभर में उग्र आंदोलन की चेतावनी भी दी।

## पौधरोपण कार्यक्रम मुरादपुर में आज

**विदिशा।** जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतिम दिन 16 जून रविवार को पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन बासौदा के मुरादपुर में किया गया है। जिला पंचायत के अतिरिक्त सीईओ पंकज जैन ने बताया कि गंगा दशहरा के पावन पर्व पर जिला स्तरीय पौधरोपण कार्यक्रम बासौदा विकासखंड के ग्राम मुरादपुर में सुबह 9 बजे से शुरू होगा। कलेक्टर बुद्धेश कुमार वैद्य ने बताया कि जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में इसी प्रकार के कार्यक्रम जिले की सभी पंचायतों व निकाय क्षेत्रों में एक साथ आयोजित किए गए हैं।

## चार सप्ताह चले समर कैप का समापन, 300 बच्चों ने लिया हिस्सा



**विदिशा।** पुलिस लाइन परेड ग्राउंड के सामुदायिक भवन में पिछले चार हफ्तों से चल रहे समर कैंप का शनिवार को समापन हुआ। इस मौके पर पुलिस सामुदायिक भवन में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पुलिस परिवार के बच्चों के लिए पुलिस विभाग द्वारा इस कैंप का आयोजन किया गया था। 18 मई से शुरू हुए इस समर कैंप में पुलिस परिवार के बच्चों को पुलिस परिवार के बच्चों को विभिन्न एक्टिविटीज कराई गई। इस समर कैंप में खेल विभाग और पुलिस विभाग के प्रशिक्षकों द्वारा बच्चों को 4 सप्ताह तक प्रशिक्षित किया गया। प्रशिक्षकों ने बच्चों को ताईक्वांडों, कबड्डी, पेंटिंग, एथलेटिक्स, कराते, मेहंदी, डांस और हैंडक्राफ्ट, आर्ट एंड क्राफ्ट एक्टिविटी का प्रशिक्षण दिया गया। बच्चों ने अपनी पसंद की एक्टिविटी में भाग लिया। समर कैंप के समापन के अवसर पर बच्चों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। जिसमें ताइक्वांडो कराते, नृत्य आदि शामिल हैं। कैंप के समापन पर एसपी दीपक शुक्ला, एडिशनल एसपी प्रशांत चौबे, सीएसपी अतुल सिंह मौजूद रहे।

## ठर्र मूडरा गांव में दो पक्षों में मारपीट, आधा दर्जन घायल

### मामूली बात पर कहासुनी के बाद हुआ विवाद



हरिभूमि न्यूज ▶▶|विदिशा

शनिवार की सुबह ठर्र मूडरा गांव में मामूली बात पर दो परिवारों के बीच जमकर मारपीट हो गई। विवाद इतना बढ़ा कि लाठी-डंडों और धारदार हथियारों का इस्तेमाल करते हुए एक दूसरे पर हमला कर दिया। दोनों पक्षों में तकरीबन आधा दर्जन लोग घायल हुए हैं। घायलों में महिलाएं भी शामिल हैं। घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां उनका इलाज चल रहा है। सिविल लाइन पुलिस ने इस मामले में बयानों के आधार पर दोनों पक्षों पर मामला दर्ज किया गया है।

## ईद को लेकर थाने में हुई शांति समिति की बैठक



**विदिशा।** कोतवाली थाना परिसर में आगामी त्यौहारों को लेकर शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें एसडीएम क्षितिज शर्मा, नगर पुलिस अधीक्षक अतुल सिंह, थाना टीआई सहित सभी धर्म के धर्मगुरु और विभिन्न धार्मिक संगठनों के सदस्य पदाधिकारी भी बैठक में मौजूद रहे। आगामी दिनों में होने वाले ईद के त्यौहार अगले महीने होने वाली रथ यात्रा, गंगा दशहरा सहित अन्य त्योहारों को शांतिपूर्ण तरीके से मनाया जाने पर चर्चा की गई। साथ ही कुछ मांग भी की गई। जिसमें सुधार के संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिए गए।




# 18 से 20 जून तक सरकारी स्कूलों में प्रवेशोत्सव मनेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶|विदिशा

स्कूल चले हम अभियान अंतर्गत प्रवेश उत्सव कार्यक्रम 18 से 20 जून तक मनाया जाएगा। शनिवार को कलेक्टर ने शिक्षा विभाग की बैठक के दौरान विभागीय अधिकारियों को प्रवेशोत्सव के संबंध में निर्देश दिए।

कलेक्टर ने कहा कि स्कूल चले हम अभियान अंतर्गत प्रवेश उत्सव कार्यक्रम के लिए निर्धारित गतिविधियां जिले के सभी सरकारी स्कूलों में आयोजित करवाई जाएं। उन्होंने निर्देश दिए कि 18 जून को शाला स्तर पर प्रवेश उत्सव कार्यक्रम हों। जिसमें शाला के पूर्व विद्याथों एवं जनप्रतिनिधियों को सम्मान पूर्वक आमंत्रित किया जाए। प्रवेशोत्सव के दिन सभी सरकारी स्कूलों में विशेष भोजन का वितरण कराया जाए।

20 जून को सभी स्कूलों में भविष्य से भेंट कार्यक्रम का आयोजन होगा। जिसके तहत कलेक्टर पुलिस अधीक्षक सहित जिले के 77 अधिकारी आवंटित स्कूलों में पहुंचकर भविष्य से भेंट कार्यक्रम में संबंधित शाला में उपस्थित रहकर बच्चों का मार्गदर्शन करने व एक पीरियड अध्यापन कार्यों का संपादन करेंगे।

### स्कूलों की रखरखाव संबंधी जानकारी ली

उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम अंतर्गत कलेक्टर बुद्धेश कुमार वैद्य ने निर्देशित किया कि किसी भी स्थिति में 30 जून 2024 तक असाक्षरों का लक्ष्य प्राप्त कर सर्वे कर राज्य शिक्षा केंद्र के पोर्टल पर शत प्रतिशत एंट्री किया जाना सुनिश्चित करें। इसके साथ ही कलेक्टर श्री वैद्य ने शासकीय स्कूलों के परीक्षा परिणाम, स्कूल भवन के रख-रखाव एवं मरम्मत आदि की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश शिक्षा विभाग के अधिकारियों को दिए।



## बासौदा मंडी भाव

शरबती
न्यूनतम भाव-3110
उच्चतम भाव-4050
गेहूं 1544
न्यूनतम भाव-2360
उच्चतम भाव-2865
गेहूं मालवा
न्यूनतम भाव -2455
उच्चतम भाव- 2498
चना
न्यूनतम भाव- 5410
उच्चतम भाव- 6850
मसूर
न्यूनतम भाव-3000
उच्चतम भाव-6390
सोयाबीन
न्यूनतम भाव-3000
उच्चतम भाव-4820
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-5080
उच्चतम भाव-5180
सरसों
न्यूनतम भाव-3000
उच्चतम भाव-4820
उड़द
न्यूनतम भाव-6100
उच्चतम भाव-7321
मूंग
न्यूनतम भाव-6110
उच्चतम भाव-7692
धान
न्यूनतम भाव-1800
उच्चतम भाव-2610
इमली
न्यूनतम भाव-1200
उच्चतम भाव-1200
बटरी
न्यूनतम भाव-7860
उच्चतम भाव-7860
धनिया
न्यूनतम भाव-6510
उच्चतम भाव-6510
तुअर
न्यूनतम भाव-7200
उच्चतम भाव-7200

### कृषि मण्डी में हुई आवक

**गंज बासौदा।** कृषि उपज मण्डी में शनिवार को आसपास के ग्रामीण अंचलों से किसान ट्रैक्टर-ट्रालियों से कृषि जिंसों को नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि उपज मण्डी में 7324 बोरे उपज की आवक दर्ज हुई।

## खबर संक्षेप

### दो पक्षों में हुआ विवाद



**त्योंदा।** शनिवार को त्योंदा के गोंडखेड़ी पठार में दो पक्षों में मारपीट हो गई। जिसमें राजू घोसी का कान महेंद्र प्रताप सिंह घोसी ने मुंह से काटकर उसे घायल किया। जिसे उपचार के लिए स्वास्थ्य केन्द्र लाया गया जहां उपचार जारी है। पीड़ित ने शिकायत त्योंदा थाने में दर्ज कराई है।

### कुसुम बाई जैन का निधन

**गंजबासौदा।** स्वर्गीय नेमीचंद की पत्नी एवं प्रकशचंद जैन की भाभी सुशील कुमार की माताजी एवं अरविंद जैन की ताई, नोमित जैन की दादी कुसुम बाई जैन का निधन हो गया। जिनकी अंतिम यात्रा शनिवार को निज निवास नानाजी वाली गली से सुबह 10:30 बजे पाराशरी विश्राम घाट के लिये निकाली गई। जिसमें अनेक गणमान्य नागरिकों ने शामिल होकर श्रद्धांजलि अर्पित की।

## प्रतिबंध के पूर्व तेजी से जारी है मत्स्याखेट...



गंजबासौदा। बरसात में मछलियों के प्रजनन को देखते हुए प्रशासन द्वारा 16 जून से मछली पकड़ने पर प्रतिबंध लगा दिया जाता है। इसकारण प्रतिबंध से पूर्व मत्याखेट तेजी से चल रहा है।

## शांति समिति की बैठक आयोजित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ त्योंदा

शनिवार को त्योदा थाना प्रांगण में एसडीओपी मनोज मिश्रा, त्योंदा थाना प्रभारी, तहसीलदार की उपस्थिति में आगामी त्यौहार को दृष्टिगत रखते हुए शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में त्योदा एवं आसपास के क्षेत्र के गणमान्य नागरिक, विभिन्न समुदायों के प्रमुख व्यक्ति सम्मलित हुए। बैठक में सभी महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर विस्तार से चर्चा की गई एवं आगामी त्यौहार को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण ढंग से मनाने की समझाईश दी गयी।

### कई गांवों में भी हैं खंभे टेडे और क्षतिग्रस्त, हो सकते हैं धराशायी

# लोडिंग वाहन की टक्कर से खंभा टूटा दर्जन भर गांवों की बिजली रही गुल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा





बीती रात बासौदा त्योंदा मार्ग पर केवटन नदी के पुल के पास एक अनियंत्रित लोडिंग वाहन की टक्कर से एक विद्युत खंभा धराशायी हो गया। घटना के बाद पुलिस ने सब स्टेशन पर घटना की सूचना देते हुए विद्युत प्रदाय बंद कराया। जिसके बाद शनिवार को दिन भर विद्युत कर्मी इस टूटे खंभे को बदलकर नया खंभा लगाने और विद्युत प्रदाय बहाल करने की कोशिश में जुटे रहे। जिसके बाद शनिवार की शाम को क्षेत्र का विद्युत प्रदाय बहाल हो सका। इस दौरान आसपास के करीब आधा दर्जन से अधिक गांवों में विद्युत प्रदाय बाधित रहा और लोगों को बिना बिजली के काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। जानकारी के अनुसार ग्राम ककरावदा और डाबर के बीच केवटन नदी के पुल के ऊपर मोड के किनारे एक विद्युत खंभा लगा हुआ है। इस खंभे में मार्ग के मोड पर अनियंत्रित होने वाले वाहन सीधे ही टकरा जाते हैं।

गत वर्ष भी इसी खंभे से एक अनियंत्रित वाहन टकरा गया था। जिससे खंभा टूट गया था। इसे बदलकर विद्युत कर्मियों ने दूसरा खंभा लगा दिया था। बीती रात भी एक लोडिंग वाहन इसी मोड पर अनियंत्रित हो गया और इसी खंभे से टकरा गया। जिससे खंभा दो हिस्सों में टूटकर सडक पर आ गिरा। बताया जाता है कि इस घटना के समय वहां से पुलिस वाहन भी गुजर रहा था। जिसने ऑटो को रोककर सब स्टेशन पर सूचित किया और विद्युत प्रदाय बंद कराया। इसके बाद विद्युतकर्मी लाइनमैन किशोर, हरिओम, वीरेन्द्र मैना, भीकम सिंह यादव सहित अन्य लोग रात में ही विद्युत सुधार कार्य में जुट गए। सुबह होते ही नया खंभा मंगवाकर टूटे खंभे के स्थान पर नया खंभा लगाया गया और फिर दोबारा लाइन खींचकर विद्युत प्रदाय बहाल कराया गया। इस कार्य में विद्युतकर्मियों को दिन भर लग गया। उधर लोडिंग वाहन चालक ने जब क्षतिपूर्ति से इंकार किया तो विद्युत कंपनी के जेई गनपत चौहान की शिकायत पर लोडिंग वाहन चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है। यहां उल्लेखनीय है कि ग्राम स्यारी और डाबर के बीच में और कुछ अन्य गांवों में भी खंभे टेडे हो रहे हैं, जो बारिश में कभी भी गिर सकते हैं।

## पीयूष जैन का हुआ स्वागत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

नगर के पीयूष जैन का चयन 6 माह पूर्व स्विट्जरलैंड से आर्बिट्रेशन यानि दो देशों के बीच समाधान के लिए मध्यस्था वाली प्रक्रिया हेतु हुआ था। उन्होंने सफलता पूर्वक आर्बिट्रेशन में स्पेशलाइजेशन पूर्ण कर भारत सहित सम्पूर्ण नगर का नाम रोशन किया है। पीयूष जैन बरेठ रोड निवासी रविंद्र जैन के छोटे सुपुत्र हैं। रविन्द्र जैन ने बताया कि पीयूष कॉन्वेंट स्कूल के विद्यार्थी रहे हैं, उन्होंने 12 वीं के बाद देहरादून यूपीएस लॉ कॉलेज से एलएलबी की डिग्री पूर्ण की थी। जिससे उनका हाई कोर्ट व सुप्रीम कोर्ट देहली में रजिस्ट्रेशन हुआ तथा 6 माह पहले वह आर्बिट्रेशन के लिए गया और अब वह आर्बिट्रेशन में स्पेशल पूर्ण कर लौट रहा है। पीयूष के नगर आगमन पर सभी ने उनका स्वागत किया एवं इस उपलब्धि पर बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। पीयूष जैन के बढ़े भाई आयुष जैन भी जर्मनी से पीएचडी रिसर्च कर रहे हैं, जर्मनी सरकार आयुष जैन को स्कालरशिप प्रदान कर रही है।

## यातायात पुलिस ने बनाए चालान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

शनिवार को यातायात पुलिस द्वारा नगर के जयस्तंभ चौक पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान दो पहिया, चार पहिया वाहनों की जांच पड़ताल की गई। यातायात पुलिस ने 10 वाहनों पर जुर्माने की कार्रवाई की। यातायात प्रभारी सूबेदार आशीष राय ने बताया कि सड़क हादसों में कमी लाने के लिये यातायात पुलिस लगातार काम कर रही है। यातायात अमले ने अभियान के दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध कार्रवाई कर 10 चालान बनाए, जिनसे 4000 रुपए का जुर्माना वसूल किया गया। पुलिस द्वारा की गई इस चैकिंग में दो पहिया वाहन चलाते वक्त हेलमेट का प्रयोग न करना, तेज रफ्तार वाहन चलाने वाले चालकों पर चालानी कार्रवाई की गई। उल्लेखनीय है कि नगर में अनेक नाबालिग बालक, बालिका तेज गति से दो पहिया वाहन चलाते दिखाई देते हैं। जिनसे कई बार वाहन दुर्घटनाएं भी घटित हो चुकी हैं। वाहन दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए नगर के जय स्तंभ चौक, पचमा बायपास, त्योंदा रोड, तिरंगा चौराहा, नवीन कृषि उपज मण्डी के आसपास वाहनों की चैकिंग की जाती है। लेकिन इसके बावजूद भी नाबालिग नगर में तेज गति में वाहन दौड़ाते नजर आते हैं। यातायात पुलिस ने पालकों से अपने नाबालिग बच्चों को वाहन न देने की अपील की है।

## महेश नवमी मनी, राजेश माहेश्वरी बने समाज अध्यक्ष





**गंजबासौदा।** शनिवार को नगर की माहेश्वरी समाज द्वारा महेश नवमी बड़े ही उत्साह के साथ मनाई गई। इस दौरान बड़ी संख्या में माहेश्वरी समाज की महिलाओं ने पीले वस्त्र एवं पुरुषों द्वारा श्वेत वस्त्र धारण कर भगवान भोलेनाथ की विधि विधान से पूजन अर्चन कर महेश नवमी मनाई एवं एक दूसरे को बधाई दी। यहां उल्लेखनीय है कि भगवान शिव को महेश के नाम से भी जाना जाता है। हिंदू पंचांग के अनुसार ज्येष्ठ माह के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि पर महेश नवमी मनाई जाती है। यह तिथि पूर्ण रूप से भगवान शिव की आराधना के लिए समर्पित मानी जाती है। उधर माहेश्वरी समाज की वंशोत्पत्ति दिवस पर समाज की कार्यकारिणीा का भी गठन किया गया। इस अवसर पर राजेश माहेश्वरी को सर्व सम्मति से माहेश्वरी समाज का नवीन अध्यक्ष नियुक्त किया गया। इस अवसर पर अनेक समाज बंधुओं ने राजेश माहेश्वरी का फूल मालाओं, शाल, श्रीफल से स्वागत कर बधाईयां दी।

## नालों का सफाई अभियान जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा



नगरपालिका द्वारा बारिश पूर्व नगर के सभी मुख्य नालों एवं सड़क किनारे तथा सभी वार्डों के नालों की साफ, सफाई का अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान जेसीबी मशीन एवं नपा सफाई कर्मियों की मदद से बड़ी मात्रा में नालों से कचरा निकाला जा रहा है। जिसे नपा के वाहनों से फिकवाया जा रहा है। शनिवार को नगरपालिका सफाई अमले ने नगर के जयस्तंभ चौक के पास तथा वार्ड क्रमांक 4 स्थित नालों की सफाई का अभियान चलाया। इस दौरान दुकानों के आगे से निकले नाले के ऊपर से पत्थर, फर्सी को हटाकर नाले की सफाई की गई। जिसमें दुकानदारों ने नगरपालिका सफाई अमले का सहयोग किया। नगरवासियों ने बताया कि इस वर्ष जिस तरह से नगरपालिका द्वारा आमजन की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए नालों के ऊपर रखी गुमठियों को हटाकर अच्छे ढंग से साफ सफाई की जा रही है। वैसी साफ, सफाई पहले नहीं हुई। नगरपालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव के नेतृत्व में नगरपालिका द्वारा आमजन के हित में बहुत ही सराहनीय कार्य किए जा रहे हैं। नगरवासी नपाध्यक्ष की कार्य प्रणाली की प्रशंसा कर रहे हैं। नालों की साफ, सफाई से बारिश के मौसम में परेशानी नहीं होगी।

### स्वतंत्र राजेश्वर यादव का निधन

**गंजबासौदा।** रामगोपाल यादव के सुपुत्र एवं कमल सिंह टीपू यादव, केशव सिंह, स्वर्गीय हरि सिंह, नरेंद्र सिंह, धर्मेंद्र यादव के भाई एवं योगेश ,रूपेश, उमेश, दीपेश सपन, हर्ष के चाचा एवं बांके यादव के पिताजी स्वतंत्र राजेश्वर यादव का निधन हो गया। जिनकी अंतिम यात्रा निज निवास स्थान नानाजी वाली गली वार्ड क्रमांक 2 से शनिवार को दोपहर के समय पाराशरी विश्राम घाट के लिए निकाली गई। जिसमें अनेक गणमान्य नागरिकों ने शामिल होकर मौन धारण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

### योग समिति के माध्यम से दिया गया प्रशिक्षण

# योग महिलाओं के लिए वरदान, दैनिक जीवन का भाग बनाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा



योग को जन जन तक पहुंचाने के लिए मध्यप्रदेश योग आयोग जिला एवं विकास खंड योग समिति के माध्यम से निरंतर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। शासकीय कन्या उमा विद्यालय के महारानी लक्ष्मीबाई योग कक्ष मे सत्र 2024-25 के प्रथम चरण का प्रशिक्षण समापन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में संकुल केंद्र प्राचार्य शिल्पांजना शर्मा ने बताया इस अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून 2024 की थीम महिला सशक्तिकरण के लिए योग है। योग महोत्सव 2024 का लक्ष्य योग को एक व्यापक आंदोलन में बदलना है, जिसमें महिलाओं की भलाई को बढ़ावा देने और वैश्विक स्वास्थ्य और शांति को आगे बढ़ाने पर विशेष जोर दिया जाएगा। विकास खंड योग समिति अध्यक्ष चंद्र तारण ने सभी शिक्षकों का आह्वान किया योग को दैनिक जन जीवन मे उतारे यह आपका आत्मविश्वास बढाऐगा, आपको असीमित ऊर्जा से भर देगा गांव गांव तक योग पहुंचाऐं ताकि हम अंग्रेजी दवाइयों के कुचक्र से बच कर निरोगी जीवन जी सकें। भारत माता को पुनः विश्व गुरू के सिंहासन पर परम वैभव पर पहुंचाना है तो योग एक मार्ग है। विशेष अतिथि प्रकाश नाम जोशी ने कहा यदि हमारे शिक्षक साथी योग प्रशिक्षण को जीवन मे उतार ले तो उनको कही कोई प्रशिक्षण की किसी और बाहरी मोटिवेशन की जरूरत ही नही होगी वे स्वयं एक प्रकाश दीप होगे, जो दूसरो का मार्ग प्रशस्त कर सकेंगे योग को यहा प्रशिक्षण हाल से नीचे तक जन जन तक पहुचाऐ यह आपको आत्मविश्वास ,आत्मबल और नैतिक ताकत देगा। इस अवसर पर भारतीय संस्कृति की गरिमामयी परंपरा जीवित करते हुऐ प्रशिक्षणार्थी शिक्षकों ने योग गुरू सैयद शफाकत हुसैन कादरी सहित संगीता राजपूत, सरिता पाल और आराधना विश्वकर्मा का शाल श्रीफल पुष्प मालाओं से सम्मानित किया। इसके अलावा दिव्याग शिक्षक धर्मेंद्र दिवाकर के उत्साह एवं ऊर्जावान होकर योग प्रशिक्षण लेने पर एवं गुलाब बाई अहिरवार के 62 वर्ष में भी योग कलाओं में पारंगत होने पर विशेष रूप से सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर कार्यक्रम संचालन संजय नामदेव ने तथा आभार सरिता पाल द्वारा व्यक्त किया गया। इस अवसर पर शमशीर अली नकवी, सुनील कुशवाह, हरपाल सिंह कुशवाह, गायत्री देवी, सुषमा जैन, मनोरमा पंथी, नंदकिशोर प्रजापति, केशव प्रसाद नायक, ऋतु सिंह, विमलेश लोधी, कृष्णकांत मिश्र, पुष्पराज बड़ोनिया, हेमंत रघुवंशी, मदनलाल कुर्मी, सौदान सिंह सहित अनेक लोग उपस्थित थे ।

### आज होगा कॉपियों का वितरण

**गंज बासौदा।** भारतीय जैन मिलन मुख्य शाखा द्वारा प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी रविवार को मील रोड़ स्थित भगवान महावीर बिहार में सुबह 10 बजे से रियायती दर पर कॉपी एवं रजिस्टर का वितरण किया जाएगा। भारतीय जैन मिलन के व्यवस्थापक अतुल बजाज एवं जितेंद्र जैन ने सभी वर्ग के जरूरतमंद छात्र और उनके अभिवावकों से अधिक से अधिक संख्या में इसका लाभ लेने की अपील की है।

### डामरीकरण से बदल गई मार्ग की सूरत



**गंजबासौदा।** लंबे समय से उपेक्षित जयस्तंभ चौक से सावरकर चौक तक की सड़क पर नगरपालिका द्वारा 20 लाख रुपऐ की लागत से डामरीकरण करा दिया गया है। जिसके बाद उक्त मार्ग सुंदर और चौड़ा दिखने लगा है। नपा सांसद प्रतिनिधि देवेन्द्र यादव ने बताया कि इस मार्ग नगर का मुख्य और व्यस्त मार्ग है। जो बदहाल हो रहा था। इसलिए इस पर डामरीकरण कराया गया है। अब आगामी समय में सिरोंज तिराहे तक भी डामरीकरण कराया जाएगा।



## खबर संक्षेप

### जल गंगा संवर्धन पर रचित गीत का विमोचन

**सागर।** जल गंगा संवर्धन अभियान पर आधारित कलेक्टर दीपक आर्य के मार्गदर्शन अनुसार जिला पंचायत के मुख्य कार्य पालन अधिकारी पीसी शर्मा के द्वारा रचित गीत का पंचायत का विकास मंत्री पहलाद पटेल के द्वारा भोपाल में विमोचन किया गया। जिला पंचायत के सीईओ पीसी शर्मा ने बताया कि मेरे द्वारा रचित जल गंगा संवर्धन अभियान में सागर जिले में किया जा रहे कार्यों का वर्णन किया गया है एवं जल गंगा संवर्धन अभियान के उद्देश्य के संबंध में बताया गया है।

### वार्डों के कुआ-बावड़ियों का सफाई अभियान जारी

**सागर।** जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत निगम आयुक्त राजकुमार खत्री के निर्देश अनुसार नगर निगम द्वारा जन भागीदारी से प्राचीन जल संरचनाओं और कुआं, बावड़ियों की सफ़ाई का अभियान निरंतर जारी है, जिसमे शुक्रवार को शिवाजी नगर वार्ड, दयानंद वार्ड, तुलसी नगर वार्ड, रामपुरा वार्ड, राजीव नगर वार्ड और अंबेडकर वार्ड के चिन्हित कुओ और बावड़ियों की वार्ड दरोग़ा, जोन प्रभारी और संबंधित वार्ड के इंजीनियर द्वारा जन भागीदारी से सफ़ाई अभियान चलाकर जमा कचरा निकाला जा रहा है।

## हॉकी नोडल सेंटर का किया निरीक्षण, खिलाड़ियों से की चर्चा

# शैक्षणिक सत्र शुरू होने से पूर्व एसडीएम ने ली जन शिक्षकों की बैठक, दिए निर्देश





हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

शैक्षणिक सत्र शुरू होने से पूर्व एसडीएम हर्षल चौधरी ने बीईओं उमेश सोनी, बीआरसी रमेश धाकड़ के साथ शुक्रवार शाम शासकीय सी.एम राइज विद्यालय पहुचकर समस्त जन शिक्षकों एंव प्रचार्यो बैठक ली।

इस अवसर पर बैठक में एसडीएम हर्षल चौधरी ने समस्त शिक्षको को समय से स्कूल खोलने, समय तक रहने स्कूलों में रहने, बच्चों के उपस्थिति सुनिश्चित करने, मध्यान भोजन के गुणवत्ता, पाठ्यक्रम का सही समय पर पूरा होना आदि के साथ साथ नैतिक मूल्य के शिक्षा देने हेतु निर्देशित किया। साथ ही उन्होने कहा कि विकासखण्ड सिरोंज के समस्त हाईस्कूल-हायर सेकेण्डरी के प्राचार्य व जन शिक्षक सभी को स्कूल चलें हम 2024-25 की आगामी कार्य योजना जो 18 जून से प्रवेश उत्सव के साथ सभी विद्यालयों में छात्र-छात्राओं को तिलक लगाकर व भूतपूर्व छात्रों को शाला में बुलाकर व जनप्रतिनिधियों को विशेष रूप से शाला प्रमुख द्वारा आमंत्रित किया जाए। बैठक में मुख्य रूप से एसडीएम हर्षल चौधरी द्वारा कुछ विशेष बातों का ध्यान आकर्षित किया गया। जिसमें विद्यालय एवं शौचालय की साफ सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाए। छात्रों की मेंटल हेल्थ पर ध्यान दिया जाए। कॅरियर काउंसलिंग पर प्राथमिक कक्षा पर विशेष ध्यान दिया जाए। पौधरोपण बड़े स्तर पर कराया जाए। शिक्षकों एवं छात्रों की उपस्थिति 100 प्रतिशत रहें। ऐसी विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई। वही बैठक में विद्यार्थियों की नियमित उपस्थिति शिक्षकों की विद्यालयों में नियमितता शिक्षा के गुणात्मक सुधार आदि पर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही विद्यालय में नैतिक शिक्षा पर भी ध्यान दिया जाए।

**हॉकी नोडल सेंटर का किया निरीक्षण:** बैठक के उपरांत एसडीएम हर्षल चौधरी ने शासकीय सी.एम राइज विद्यालय के हॉकी नोडल सेंटर का निरीक्षण किया। साथ ही एसडीएम ने खिलाड़ियों से चर्चा की और व्यायाम निर्देशक शिक्षक शान मियां ने नोडल सेंटर की जानकारी दी। बैठक में सी एम राइज विद्यालय के प्राचार्य महेश कुमार ताम्रकार ,संकुल प्राचार्य कन्या उमावि के प्राचार्य मनोज शर्मा,गरेंठा संकुल प्राचार्य श्रीपाल गौतम, इमलानी संकुल प्राचार्य मनोज शर्मा आदि उपस्थित रहे। वही कार्यक्रम का संचालन शिक्षक शान मियां द्वारा किया गया।

# शिवराज सिंह चौहान के आशीर्वाद से बना हूं, तीसरी बार विधायकः सप्रे

### केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान के प्रथम भोपाल आगमन पर भव्य तैयारियों को लेकर भी हुई बैठक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

विदिशा लोकसभा ने नवनिर्वाचित सासंद और मोदी कैबिनेट में कृषि कल्याण एवं ग्रामीण विकास मंत्री बने शिवराज सिंह चौहान केंद्रीय कैबिनेट मंत्री बनने के बाद पहली बार दिल्ली से भोपाल आ रहे हैं। जिसकी तैयारीयों को लेकर पथरिया स्थित नवांकुर हायर सेकेंडरी स्कूल में कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कुरवाई विधायक हरिसिंह सप्रे के द्वारा सर्वप्रथम पंडित दीनदयाल उपाध्याय, श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रचलन कर किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक हरिसिंह सप्रे ने कहा कि मामा के नाम से विख्यात पूर्व मुख्यमंत्री एवं केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान हम सब के नेता हैं। मेरे राजनीतिक गुरु होने के साथ साथ मेरे संरक्षक भी हैं, आज उन्हीं की देन है कि उनके आशीर्वाद से मैं तीसरी बार विधायक बना हूं, जनता की सेवा करने का मुझे मौका मिला है, उन्हें पता है कौन से कार्यकर्ता में क्या योग्यता है उसके आधार पर आकलन करके उसे वही जिम्मेदारी देते हैं। इसी का परिणाम है कि आज केंद्र की राजनीति में प्रदेश का नेतृत्व करने वाले शिवराज सिंह चौहान देश की राजनीति में एक बड़ा नाम बन गए हैं। सबसे अधिक मतों से जीत कर देश में भी विदिशा का नाम रोशन किया है आज विदिशा जिले के एक-एक कार्यकर्ता को सम्मान मिल रहा है। छह बार सांसद इतनी ही बार विधायक और 4 बार मुख्यमंत्री, और अब केंद्र में कृषि कल्याण एवं ग्रामीण विकास मंत्री बनकर मामा शिवराज सिंह चौहान एवं किसान के बेटे ने हम सब का नाम रोशन किया है। वहीं बैठक के दौरान निर्णय हुआ कि आज भोपाल आगमन पर कुरवाई विधानसभा के हजारों कार्यकर्ता अपने-अपने वाहनों से भोपाल पहुंचेंगे जहां पर केंद्रीय कैबिनेट मंत्री शिवराज सिंह चौहान के भोपाल आगमन पर उनका भव्य स्वागत करेंगे। इसके लिए कार्यकर्ताओं को अलग-अलग जिम्मेदारी भी सौंप दी गई है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### मनवानी फिल्म्स ने कन्या महाविद्यालय में बांटे सकोरे

**सागर।** शासकीय स्वशासी कन्या स्नातकोत्तर उकृष्टता महाविद्यालय, सागर में सिंधु संस्कार समिति का सकोरे बांटने का आयोजन किया गया। मनवानी फिल्म्स सिंधु संस्कार समिति द्वारा पिछले 23 सालों से पशुओं के पानी की व्यवस्था के लिए सकोरे बांट रहे हैं। मनवानी फिल्म्स डायरेक्टर राजेश मनवानी कहते हैं मनुष्य तो जैसे तैसे अपने भोजन-पानी की जुगाड़ कर लेते हैं। गर्मी में पशुओं को भी उनके पालक घास पानी की व्यवस्था कर देते हैं। मूक पक्षी भूखे-प्यासे इस भीषण गर्मी में दम तोड़ देते हैं। सिंधु संस्कार समिति पिछले 7 सालों से सकोरे बांटने का कार्य कर रही है प्रथम वर्ष में 500 सकोरे सागर व आसपास के विभिन्न स्थानों पर लगाए थे। इस बार 1000 सकोरे बांटने का लक्ष्य रखा है । आज अभियान में कन्या महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाइयों भी सहयोग किया । इस अवसर पर प्राचार्य डॉ आनंद तिवारी ने कहा की बेजुबानों की सेवा भी एक पुण्य का कार्य होता है। ऐसे में सिंधु संस्कार समिति ने गर्मी को देखते हुए खासतौर से पक्षियों के लिए दाना पानी का इंतजाम करने में जुटी हुई हैं। वरिष्ठ साहित्यकार डॉ एम. डी. त्रिपाठी ने कहा की भीषण गर्मी में मनुष्यों के पास बहुत से साधन हैं जिससे वे पानी ले सकते हैं, लेकिन बेजुबान पक्षियों की पानी के लिए हमें मदद करनी होगी। मनवानी फिल्म्स का यह कार्य हमारे लिए गर्व की बात की है। समिति सचिव सुरेश मोहनानी, निर्मल भोले, विशाल पंजवानी, अनिल जसवानी ने कहा की पक्षी विलुप्तता की कगार पर हैं।

# जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत निकाली गई भव्य कलश यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज




जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। वही शनिवार को धार्मिक और देशभक्ति गीतों के साथ विशाल कलश यात्रा व जागरूकता रैली निकाली गई। जो नगर पालिका शादी हाल से शुरू होकर नगर के मुख बाजार कोटगेट, राज बाजार,सिनेमा चौराह होते है ऐतिहासिक पचकुइयां घाट पर पहुचकर सम्पन हुई। कलश यात्रा में महिलाओं व बालिकाओं ने अपने सिर पर कलश रखे हुए चल रही थी। इस मौके पर कलश यात्रा के दौरान लोगों को जल संरक्षण और संवर्धन का संदेश दिया गया इस दौरान महिलाओं ने कहा कि जल के बिना जीवन संभव नहीं है यह बात पूर्वज जानते थे इसलिए उन्होंने प्राचीन जल स्त्रोत जैसे नदी,तालब,कुआं और बावड़िया सुरक्षित रखी और उनकी समय-समय पर साफ सफाई करते रहने से पानी पीने योग्य बनाए रखा लेकिन आधुनिकरण के कारण प्राचीन जल स्त्रोतों को भुलाकर इन्हें अनुपयोगी बना दिया गया। इन प्राचीन जल स्त्रोतों को सुरक्षित करने और जल को साफ शुद्ध बनाने के लिए आगे आकर सहयोग प्रदान करें ताकि इनके जल का पुनः उपयोग किया जा सके। साथ ही इस कलश यात्रा के माध्यम से प्राचीन जल स्त्रोत के संरक्षण और संवर्धन के प्रति लोगों को जागरूक किया गया।



# खुल्लम खुल्ला चल रहा अवैध खनन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा



**विदिशा।** नगर के आसपास के क्षेत्रों में अवैध तरीके से चल रहा खनन।

शहर के आसपास के क्षेत्र में इन दिनों अवैध खनन जोरों से चल रहा है। अवैध खनन व परिवहन पर सख्ती के कार्रवाई करने के सीएम मोहन यादव के निर्देशों का जिले में पालन होता दिखाई नहीं दे रहा है। अवैध खननकर्ताओं को कार्रवाई का जरा भी डर नहीं है और खनन माफियाओं के हौसले बुलंद हैं।

शहर के आसपास करारिया चौराह, पठारी हवेली, डाबर, सौरई, ढोलखेड़ी, रंगाई, अहमदपुर रोड पर इन दिनों अवैध खनन जोरों पर है। निजी व सरकार जमीनों को बे रोकटोक खोदा जा रहा है। जानकारी के अनुसार शहर से गुजर रहे हाईवे के निर्माण के लिए यह अवैध खनन किया जा रहा है। हाईवे निर्माण कर रही कंपनी और ठेकेदारों को मिट्टी सहित कोपरा और मुरुम की भारी जरुरत है। वहीं शहर के कई खनन माफिया भी इन दिनों अवैध खनन में लगे हुए हैं।

सीएम मोहन यादव ने खनिज विभाग के अधिकारियों को अवैध खनन पर सख्ती के कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं लेकिन जिले में यह कार्रवाई होती दिखाई नहीं दे रही है। सिर्फ औपचारिकता के लिए पिछले दिनों खनिज अधिकारी द्वारा डंपर और ट्रैक्टर ट्रॉली जब्त की गई। ताकि आदेशों की अवहेलना होती दिखाई न दे। इसके बाद अब स्थित जस की तस हो गई है और खनन माफिया शहर के ग्रामीण क्षेत्रों में जगह जगह अवैध खुदाई कर रहे हैं।

### दस्तक और पल्स पोलियो अभियान को लेकर बैठक 18 को

**विदिशा।** कलेक्टर बुद्धेश कुमार वैद्य की अध्यक्षता में कलेक्टेट के बेतवा सभागार कक्ष में मंगलवार 18 जून को शाम 4.30 बजे से दस्तक अभियान और पल्स पोलियो अभियान को लेकर बैठक आयोजित की गई है। कि राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान जो की 23 से 25 जून तक संचालित किया जाएगा। जिसमें जीरो से 5 वर्ष तक के जिले के समस्त बालक बालिकाओं को दो बूंद पोलियो पिलाई जावेगी। प्रथम दिवस बूथ की स्थापना कर बच्चों को दवा पिलाई जावेगी द्वितीय एवं तृतीय दिवस पोलियो की खुराक से वंचित बच्चों के घर-घर जाकर समस्त बालक बालिकाओं को पोलियो की खुराक दी जाएगी। साथ ही दस्तक अभियान का प्रथम चरण दिनांक 25 जून से 27 अगस्त 2024 तक संचालित किया जाना है। इसके अंतर्गत सभी ग्राम, वार्डों में दस्तक दल द्वारा घर-घर जाकर जीरो से पांच वर्ष तक के बच्चों की बीमारियों की सक्रिय पहचान कर रेफरल की कार्रवाई की जावेगी।

# योग-ध्यान के साथ छात्रों ने खेली डेढ़ माह क्रिकेट, खेल की बारीकियां सीखी

## सर्वोदय मंच क्रिकेट शिविर का पुरस्कार वितरण के साथ समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शमशाबाद



नगर की चर्चित समाजसेवी संस्था सर्वोदय मंच और कांतिकिशोर सक्सेना समिति के सहयोग से पठार मोहल्ले के मैदान पर बच्चों ने डेढ़ महीने तक मंच के संयोजक समीर सक्सेना से क्रिकेट की बारीकियां सीखी और खूब धमाल मचाया।

इसके साथ ही इस क्रिकेट शिविर का शनिवार को समापन हो गया। समापन अवसर पर मुख्य अतिथियों में शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य आशीष सक्सेना, नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि प्रदीप माहेश्वरी, मुक्तिधाम समिति के संयोजक डॉ. भैरोसिंह गुर्जर, पार्षद प्रतिनिधि जुगल चौकसे, पत्रकार भूर सिंह विश्वकर्मा आदि मौजूद रहे।

अतिथियों ने शिविर में भाग लेने वाले बच्चों को एक पानी की बोतल और प्रमाण पत्र भेंटकर सम्माानित किया। मंच के संयोजक और इन बच्चों के कोच समीर सक्सेना ने बताया कि इस शिविर में करीब 20 बच्चों ने हिस्साा लिया। उन्होंने बताया कि यह उनका दूसरा सफल आयोजन था। सक्सेना के मुताबिक इस बार के प्रशिक्षण में उन्होंने बच्चों के लिए ध्यान और योग को अलग से जोड़ा था, जिसमें बच्चे उत्साहित होकर शामिल हुए। उन्होंने बताया कि इस शिविर के दौरान प्रत्येक रविवार को मंच और समिति की ओर से बच्चों के प्रिय खाद्य पदार्थ जो सेहतमंद भी थे उनमें आईसक्रीम, गन्ने का रस, सत्तू आदि दिए गए। इस मौके पर उपस्थित ग्रामीणों ने बच्चों का हौसला बढ़ाया।



### आज चार शुभ योग संयोग के साथ मनाया जाएगा गंगा दशहरा पर्व

**हरिभूमि न्यूज. बरेली।** क्षेत्र की जीवनदायिनी नर्मदा मैया की कृपा से कृषि प्रधान क्षेत्र सम्पन्न समृद्ध बना हुआ है। आज रविवार को चार शुभ संयोग के साथ गंगा दशहरा मनाया जाएगा। हजारों श्रद्धालु नर-नारी नर्मदा तटों पर पहुंचकर नर्मदा मैया में पुण्य की डुबकी लगाएंगे। गंगा दशहरा मनाने क्षेत्र के गांवो में धार्मिक श्रद्धालुओं में भारी उत्साह बना हुआ है।

**चार शुभ योग संयोग**

गंगा दशहरा के दिन माँ गंगा स्वंय माँ नर्मदा में स्नान करने आती है। ऐसी मान्यता है। सवथि सिद्धि योग के साथ अमृत योग, रवि योग के साथ हस्त नक्षत्र भी है। जो आज रविवार को गंगा दशहरा पर्व का अति पवित्र शुभ, समृद्धि देने और मनोकामनाए पूर्ण करने वाला बना रहा है।

**लगेगा भक्तों का मेला**

प्रत्येक धार्मिक पर्व त्योहार अमावस्या पूर्णिमा पर क्षेत्र के निवासी नर्मदा मैया में स्नान करने पहुंचते है। आज गंगा दशहरा का विशेष पर्व होने से देवरी, उदयपुरा, बरेली, बाड़ी तहसीलों के दर्जनों नर्मदा तटो पर हजारो स्थानीय एवं अन्य जिलो से श्रद्धालु नर-नारी नर्मदा मैया में स्नान, पूजन, दान, जप इत्यादि के लिए पहुंचने की संभावना है। शोकलपुर, पतई, बौरास, केतोघान, अलीगंज, मांगरोल, डूमर, बगलवाडा, मौतलसिर, गोरा मछवाई, सनखेडा, भारकच्छ कलां के मदागन नर्मदा तटो पर हजारों श्रद्धालुओं का सुबह से ही पुण्य की डुबकी लगाने मेला लगेगा।

### जिला प्रधानाचार्य बैठक संपन्न

**अहमदपुर।** शनिवार को बेतवा ग्राम भारती शिक्षा समिति द्वारा संचालित सरस्वती शिशु मंदिर करारिया में जिला प्रधानाचार्य बैठक हुई। बैठक में संतोष सेजगाये प्रांतीय कार्यालय



अधीक्षक एवं विभाग प्रमुख भोपाल विभाग, राहुल तिवारी जिला प्रभारी विदिशा, कार्यालय प्रमुख प्रदीप रैकवार, करारिया संकुल प्रमुख धर्मेन्द्र गोस्वामी वर्धा संकुल प्रमुख परसराम धाकड़, ग्यारसपुर संकुल प्रमुख भगवान दास तिवारी, बगरोदा संकुल प्रमुख बहादुर रघुवंशी और समस्त प्रधानाचार्य उपस्थित रहे। सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवल कर बैठक का शुभारंभ किया गया। बैठक में विद्यालय के शिक्षण, प्रवेश, संसाधन, अभ्यास वर्ग आदि विषयों पर चर्चा की गई।

### 24 घंटे चालू रहेगा बाढ़ नियंत्रण कक्ष

**विदिशा।** जिला स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष की स्थापना 15 जून से कलेक्ट्रेट परिसर के कक्ष क्रमांक 225 में की जा रही है। 15 जून से 30 सितंबर 24 तक 24 घंटे दूरभाष नम्बर 07592-181 एवं 07592-237880 पर संपर्क किया जा सकता है। साथ ही व्हाटसएप हेल्पलाइन मोबाइल नंबर 7400507766 है, जिसपर बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों की जानकारियां एवं फोटो आदि भेजे जा सकेंगे। जिला स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष में कार्यरत अधिकारी, कर्मचारी जो सुबह 6 बजे से ड्यूटी पर रहेंगे।

### केंद्रीय कृषि मंत्री के भोपाल आगमन की तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित

**कुरवाई।** रविवार को केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास विभाग मंत्री भारत सरकार शिवराज सिंह चौहान केंद्रीय मंत्री बनने के पश्चात प्रथम बार मध्यप्रदेश भोपाल आगमन हो रहा है। इस तारतम्य में कुरवाई विधायक हरि सिंह सिंह सप्रे द्वारा विधानसभा से आए कार्यकर्ता सरपंच सचिव जनपद सदस्यों की बैठक ली। सभी को संबोधित करते हुए विधायक सप्रे ने कहा शिवराज सिंह को मध्यप्रदेश को बीमारू राज्य से विकसित राज्य बनाते हुए देखा है। हम सब सौभाग्य शाली है शिवराज सिंह दिल्ली से पूरे देश के किसानों के हित चिंता करेंगे। साथ ही सबसे अपील की हम सब को कुरवाई विधानसभा से हजारों की संख्या में कार्यकर्ता भोपाल पहुंचना है। इस हेतु शुक्रवार को विधायक कार्यालय पर बैठक का आयोजन किया गया।

# अफसरों को निर्देश: अवकाश के दिनों में होने वाली समीक्षा बैठकों से मुक्ति चाहते हो तो ए ग्रेड सूची में शामिल रहो

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

कलेक्टर बुद्धेश कुमार वैद्य ने शनिवार को सीएम हेल्पलाइन के तहत दर्ज आवेदनों पर एल वन स्तर पर ही अधिकाारियों ने क्या कार्रवाई की इसकी समीक्षा की। कलेक्टर ने बैठक में कहा कि अवकाश के दिनों में होने वाली समीक्षात्मक बैठकों से बचना है तो संबंधित विभाग को ए ग्रेड सूची में शामिल होने पर छूट दी जाएगी।सीएम हेल्पलाइन की विशेष बैठक में कलेक्टर ने कहा कि जिले के 16 विभाग ए ग्रेड सूची में शामिल हैं। इसी प्रकार शेष अन्य विभाग भी ऐसा ही प्रयास करें ताकि सम्पूर्ण जिला ए ग्रेड सूची में शामिल हो सकें।

**इस बार 19 जून को जारी होगी जिले की रैंकिंग सूची**

प्रदेश स्तरीय जिलों की रैंकिंग सूची 19 जून को जारी होगी। कलेक्टर ने कहा कि दो तीन दिन हैं। वे तमाम विभाग जो डी, सी, बी ग्रेड सूची में शामिल हैं विशेष पहल करें ताकि वे अगली सूची में जंप कर सकें। कलेक्टर ने बताया कि सीएम हेल्पलाइन की आज दिनांक की जारी रैकिंग सूची में विदिशा जिला प्रदेश में द्वितीय स्थान पर है। जो विभाग निचली श्रेणी में शामिल है वे विशेष पहल करें ताकि विदिशा जिला प्रदेश में प्रथम स्थान पर आ जाए। वहीं 95 प्रतिशत से अधिक उल्लेखनीय ख्याति अर्जित करने वाले विभागों के अधिकारियों द्वारा क्या प्रक्रिया अपनाई गई है के अनुभवों को सांझा कराया गया। बैठक में संयुक्त कलेक्टर शशि मिश्रा, डिप्टी कलेक्टर संतोष बिटौलिया, एसडीएम क्षितिज शर्मा, ग्यारसपुर एसडीएम मनोज उपाध्याय के अलावा विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

# नदी- नालों से पीली मिट्टी, रेत और बजरी का अवैध उत्खनन जोरों पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

वर्तमान समय में क्षेत्र की सभी नदिया और नाले सूखे पड़े हुए हैं। सूखे नदी नालों से रेत बजरी किनारों से पीली मिट्टी का उत्खनन, बिना रायल्टी ओहर लोड ट्रेक्टर ट्रालियों में परिवहन का जमकर अवैध कारोबार चल रहा है। एक ओर कृषि कार्य वाली ट्रैक्टर ट्रालियों का दिन रात व्यवसायिक उपयोग हो रहा है। वही दूसरी ओर मिट्टी, रेत, बजरी की अवैध खनन से नदियों की भूगोलिक स्थिति बदलने की स्थिति बन रही है।

संपूर्ण क्षेत्र में एक भी गोड खनिज खदान स्वीकृत और चालू नहीं है। इसके बाद भी क्षेत्र की बारना, तेदोनी, घोघरा, इक्यावन नदियों के साथ क्षेत्र के छोटे बडे नालो से पीली मिट्टी, रेत बजरी का अवैध उत्खनन और परिवहन हो रहा है। लोगो द्वारा मकानों के फाउंडेशन पुराई में रेत, पीली मिट्टी का उपयोग किया जाता है। इसी के साथ बारिश का पानी मकानो, प्लाटो या दुकानों में न भरे इसके लिए पीली मिट्टी, रेत को मिक्स कर पुराव किया जाता है। जब एक भी गौड खनिज खदान स्वीकृत या नीलाम नहीं है, जब फिर नगर की सड़को, विभिन्न स्थानों पर मिट्टी, रेत, बजरी से भरी ट्रेक्टर ट्रालियां क्यों दौड़ती नजनर आने के साथ अवैध खुदाई, परिवहन को रोकने जिम्मेदारो की क्यों उदासीनता बनी हुई है। क्या अवैध खनन, बिना रायल्टी परिवहन का फैला कारोबार मिलीभगत से चल रहा है।

**बिगड रहा स्वरूप**

जिस प्रकार महीनों से क्षेत्र के नदी नालो से मिट्टी, रेत, बजरी खनन, परिवहन और जमकर विक्रय का अवैध कारोबार चल रहा है। उससे नदी नालो का प्राकृतिक स्वरूप भी तेजी से बिगड़ रहा है। बारिश में अत्याधिक बारिश, बाढ़ की स्थिति में नदी नालो का पानी फैलने और तेजी से भूमि कटाव होने से नदी नालो की भूगोलिक स्थिति बदल रही है। इसका उदाहरण घोघरा नदी की धार, दिशा परिवर्तन के रूप में देखा जा सकता है। घोघरा नदी नगर के किनारे बहती और बारना नदी में मिल जाती है। मिट्टी के कटाव से घोघरा नदी की दिशा ही बदल गई है।

**कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी अनुभाग ग्यारसपुर जिला विदिशा म.प्र.**

// आम- सूचना //

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी अनुभाग ग्यारसपुर में अधिनस्थ न्यायालय तहसील ग्यारसपुर के प्रकरण क्रमाँक 655/ अ-6/2022- 2023 आदेश दिनांक 28.01. 2023 के विरूद्ध अपील प्रस्तुत की गई है। जिसमें प्रतिअपीलार्थी कमल कुमार पुत्र रामचरण शर्मा निवासी राहतगढ़ जिला सागर म.प्र. की तामील इस समाचार पत्र के माध्यम से कराई जा रही है। अतः अपील में अपना पक्ष रखना चाहते है तो आगामी पेशी दिनांक 25. 06.2024 को न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी ग्यारसपुर में स्वयं या अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित हो। अन्यथा एक पक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

**(मनोज उपाध्याय)**
**अनुविभागीय अधिकारी**
**अनुभाग ग्यारसपुर जिला विदिशा म.प्र.**

## खबर संक्षेप

### सहयोग से जल स्त्रातों का हो रहा जीर्णोद्धार

**रायसेन।** जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जिले में कलेक्टर अरविंद दुबे के दिशा-निर्देशानुसार ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में कुओं, बावड़ियों, तालाब, नदियों आदि जल स्त्रोतों की सफाई की जा रही है। इस अभियान में नागरिकों द्वारा भी उत्साहपूर्वक भागीदारी कर जल स्त्रोतों की सफाई हेतु श्रमदान किया जा रहा है। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जिले के मंडीदीप नगर के वार्ड नंबर-1 में स्थित प्राचीन बावड़ी को जल संग्रहण हेतु उपयोगी बनाने के लिए जनप्रतिनिधियों तथा अधिकारियों, कर्मचारियों द्वारा श्रमदान कर सफाई की गई। मंडीदीप में ही सतलापुर स्थित तालाब की सफाई कराई जा रही है। इसी प्रकार नगर के वार्ड नंबर 11 में स्थित प्राचीन कुएं को जल संग्रहण हेतु उपयोगी बनाने सफाई की गई। सिलवानी नगर में भी वार्ड नंबर 2 टेकरी मंदिर के पास बेगम नदी की सफाई कार्य एवं गहरीकरण कार्य किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आम नागरिकों से 5 जून से 16 जून तक संचालित होने वाले जल गंगा संवर्धन अभियान में सहभागी बनने का आह्वान किया है। अभियान को सफल बनाने के लिए सभी स्थानीय निकायों, ग्रामीण क्षेत्रों में गतिविधियां संचालित की जा रहीं हैं।

### गीदगढ़ के पास ट्रेन की चपेट आने से 1 की मौत

**दीवानगंज।** गीदगढ़ गांव के पास रेलवे ट्रैक पर ट्रेन की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। मौत की सूचना पर दीवानगंज पुलिस घटनास्थल पर पहुँची। मृतक युवक का नाम मांगी लाल आदिवासी भोपाल के कोकता निवासी है। वह दीवानगंज के गीदगढ़ गांव में सुरेंद्र के ईंट भट्टे पर काम करता था। शुक्रवार शाम को घर जाने को कह कर ईट भट्ठे से निकला था। मृतक की मां से फोन पर बात होने पर पता चला कि मांगीलाल आदिवासी घर नहीं पहुंचा है। सुबह रेलवे ट्रैक पर उसकी लाश मिली। दीवानगंज पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर जाँच में लिया गया है। मृतक युवक मांगीलाल आदिवासी के शव को पोस्टमार्टम के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र दीवानगंज लाया। जहां पर पीएम होने के बाद शव परिजन के सुपुत्र कर दिया गया है दीवानगंज पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है।

### भोपाल पहुंच कर केंद्रीय मंत्री का करेंगे स्वागत

**सिलवानी।** विदिशा संसदीय सीट से विजयश्री का वरण कर मोदी कैबिनेट 3.0 में कृषि व ग्रामीण विकास मंत्री का पदभार संभालने के बाद रविवार को प्रथम बार शिवराज सिंह चौहान के भोपाल आगमन पर भव्य स्वागत किए किए जाने की रणनीति बनाने को लेकर नगर के लोनिवि के विश्राम ग्रह में पूर्व कैबिनेट मंत्री रामपाल सिंह राजपूत की विशेष उपस्थिति में बैठक आयोजित की गई। बैठक में कार्यकर्ता उपस्थित हुए। यहां पर श्री राजपूत ने बताया कि केंद्रीय मंत्री श्री चौहान रविवार दोपहर 1 बजे ट्रेन से भोपाल आ रहे है। श्री चौहान के स्वागत के लिए विदिशा लोकसभा से हजारो की संख्या में कार्यकर्ता पहुचेंगे। सिलवानी क्षेत्र से भी हजारो की संख्या में कार्यकर्ता भोपाल पहुंच कर श्री चौहान का स्वागत करेंगे।

## जिन हाथो में सरकार कलम किताब पकड़ाने की बात करती है उन नन्हें हाथों में थमाई दारू भरने बाटली

# कानून को 'ताक' पर रखकर 'शराब फैक्ट्री' में बाल मजदूरी, बच्चों के झुलसे हाथ दे रहे गवाही





हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

12 जून को दुनियाभर में विश्व बाल श्रम निषेध दिवस के रूप में मनाया जाता है। बाल मजदूरी काफी समय से चली का रही है। पहली बार विश्व बाल श्रम निषेध दिवस मनाने का प्रस्ताव अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन (ILO) ने दिया था। इसका मकसद बाल मजदूरी को रोकना था, हालांकि इतने सालों में भी इसमें कमी दर्ज नहीं की गई है।

अब भी बाल मजदूरी जारी है, जो काफी कम उम्र से ही मजदूरी कर जीवन यापन करना शुरू कर देता है, इससे उनकी शिक्षा के साथ स्वास्थ्य पर भी बहुत बुरा असर पड़ता है। उसी का सबसे बड़ा उदाहरण आज सोम फैक्ट्री में मजदूरी करते पकड़े गए नाबालिक बच्चो के हाथो की जली हुई चमड़ी नजर आ रही है इससे अनुमान लगाया ऐसा जा सकता है कि जो वादे कागजों में किए जाते हैं।

### फैक्ट्री मालिक को अधिकारियों का भी संरक्षण, तभी तो बच जाते हैं कार्रवाई से

वह हकीकत में सिर्फ दिखावा होता है इन बच्चो की स्थिति देखते हुए लगता है कि उनके साथ कितना अन्याय हो रहा होगा, लेकिन प्रशासन के आला अधिकारी मूक दर्शक बनकर तमाशा देख रहे हैं। जिले में से लगभग 18 किलोमीटर की दूर फैक्ट्री में लंबे समय से बाल मजदूरों से मजदूरी कराई जा रही है, लेकिन जिले के अधिकारियों को इसकी कोई खेल खबर नहीं इससे यह अनुमान लगाया जा सकता है कि फैक्ट्री के मालिक की रसूक के सामने या तो अधिकारियों की चल नही पा रही या फिर इन अधिकारियों को मुंह बंद करने के लिए संचालक द्वारा कुछ ऐसा किया जाता होगा कि यह उसे फैक्ट्री पर कार्यवाही करना ही नहीं चाहते।

### टीम के निरीक्षण में 59 बच्चें काम करते मिले, इनमें से 20 लड़कियां

रायसेन की एक शराब फैक्ट्री में बच्चे काम करते मिले। मामले में राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग ने सरकार को आबकारी अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश जारी किए हैं। शनिवार को राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग की टीम ने निरीक्षण किया। यहां पर शराब फैक्ट्री में 59 बच्चे काम करते पाए गए, इनमें 20 लड़कियां भी शामिल हैं।

राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग के अध्यक्ष प्रियंक कानूनगों ने बताया कि बचपन बचाओ आंदोलन एनजीओ की तरफ से शिकायत मिली थी। इसमें शराब फैक्ट्री में बच्चों से काम करने का मामला सामने आया। इसके बाद रविवार को रायसेन जिले की सोम डिस्टलरी नामक शराब बनाने वाली फैक्ट्री में निरीक्षण किया गया।

यहां 50 से अधिक बच्चे शराब बनाने का काम करते हुए पाए गए हैं। इनमें 20 लड़कियां भी हैं। उन्होंने बताया कि शराब में बनाने में उपयोग होने वाले रसायनों के संपर्क में रहने से कई बच्चों के हाथ की चमड़ी भी जल चुकी है। बच्चों को रेस्क्यू करने एवं एफआईआर दर्ज करने की कार्रवाई की जा रही है।

### अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई करने नोटिस

*आयोग की तरफ से सरकार को आबकारी अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई करने नोटिस जारी किया गया है। इस पूरे मामले में आबकारी अधिकारी की गंभीर लापरवाही सामने आई है। यह फैक्ट्री आबकारी विभाग की देखरेख में संचालित हो रही है। इसके परिसर में ही आबकारी अधिकारी का कार्यालय भी है। आयोग ने आबकारी अधिकारी के विरुद्ध कार्यवाही करने के लिए सरकार को नोटिस जारी किया जा रहा है।*

### गलने लगी थी हाथों की चमड़ी



*जानकारी के अनुसार बेहद खराब हालत में फैक्ट्री में बच्चों से काम कराया जा रहा था। यहां तक कि शराब बनाने में इस्तेमाल होने वाले रसायनों के सम्पर्क में आने से कई बच्चों के हाथ की चमड़ी भी जल चुकी है। मामले को लेकर फैक्ट्री मालिक के खिलाफ एफआइआर दर्ज कर ली गई है। बाल आयोग के निर्देश पर आबकारी अधिकारी पर कार्रवाई के लिए भी सरकार को नोटिस जारी किया जा रहा है।*

#### अधिकारी पर कार्रवाई की मांग

*कानूनगो ने आरोप लगाया कि ये आबकारी अधिकारी की मिलीभगत और उनकी आंखों के सामने हो रहा था। वह आंखें बंद कर बैठे थे। आबकारी अधिकारी के विरुद्ध कार्रवाई करने के लिए हम शासन को पत्र लिखेंगे।*

#### बच्चों से 15-16 घंटे करवाते थे मजदूरी

*प्रियंक कानूनगो ने बताया कि बचपन बचाओ आंदोलन से शिकायत मिली थी कि इस फैक्ट्री में 15-16 घंटे बच्चों से शराब बनवाने का काम कराया जाता है। इन्हें लंबे समय से इस काम में लगाया गया था। फैक्ट्री के बाहर स्कूल बस खड़ी मिली।*

#### मंडीदीप से 36 का किया था रेस्क्यू

*इससे पहले शुक्रवार को बाल संरक्षण आयोग की टीम ने रायसेन जिले के मंडीदीप में छापा मारा था। यहां बिस्किट बनाने वाली फैक्ट्री एलएम बेकर्स में 21 बाल श्रमिक मजदूरी करते मिले। यहां पारले जी बिस्किट बनाए जा रहे थे। कुल 3 संस्थानों से 36 बच्चों का रेस्क्यू किया गया। इनमें छिंदवाड़ा व अन्य राज्यों के आदिवासी बच्चे होने की जानकारी मिली है।*

## काम करने के दौरान मजदूर को लगे करंट से हुइ मौत

### डीपी में जंपर करने के समय हुआ हादसा



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

ग्राम मर्दानपुर पर काम कर रहे एक मजदूर की करंट लगने से मौत हो गई। मृतक अपने साथियों के साथ डीपी में जंपर का काम करने गया था जैसे ही उसने लाइन से हाथ लगाया



तो लाइन चालू होने के कारण उसे जोर से झटका लगा और उसने साथियों से कहा कि करंट लग गया इसके बाद वह नीचे गिर गया, उसे अस्पताल लेकर पहुंचे यहां डॉक्टरों ने मृत्यु घोषित कर दिया।

जानकारी के अनुसार ग्राम रामसिया निवासी कमल सिंह पिता गुलाब सिंह 28 वर्षीय शनिवार सुबह ठेकेदार वीरेंद्र के साथ बिजली का कार्य करने ग्राम मर्दानपुर गया था इसी दौरान ग्रामीण क्षेत्र की लाइन में डीपी में जंपर करने के दौरान उसे करंट लग गया।

#### बिजली विभाग पर लगाया लापरवाही का आरोप

*मृतक कमल सिंह के बड़े भाई प्रीतम सिंह ने इस घटना में बिजली कंपनी सहित ठेकेदार पर आरोप लगाए हैं उन्होंने कहा कि परमिट लेने के बाद भी लाइन में करंट आ रहा था जबकि ठेकेदार और साथ में काम करने वालों ने इस बात की जानकारी मेरे भाई कमल सिंह को नहीं दी की लाइन में करंट है। उसे काम करने का बोल दिया जब काम करने के दौरान परमिट लिया गया था, फिर लाइन में करंट कहां से आ गया। जबकि मृतक कमल सिंह के साथ काम करने गए दीपक ने बताया कि परमिट ले ही रहे थे इससे पहले ही कमल ने लाइन से हाथ लगा दिया था। मृतक के तीन बड़े भाई हैं और एक छोटी बहन।*

## आयशर ट्रक ने बाइक में मारी टक्कर, एक की मौत

### दुर्घटना में सलामतपुर ब्राइट फ्यूचर स्कूल के 11 कक्षा के होनहार छात्र की मौत

- टक्कर मारने के बाद आयशर ट्रक चालक फरार, पुलिस ने किया जब्त
- गांव वालों को हादसे की जानकारी लगते ही अस्पताल के बाहर लगी भारी भीड़







**ब्राइट फ्यूचर स्कूल में 11वीं कक्षा का छात्र था मृतक आज़ाद**

*लांबाखेड़ा गांव में रहने वाला आजाद तेजले सलामतपुर के ब्राइट फ्यूचर हायर सेकेंडरी स्कूल में 11 वी कक्षा का छात्र था। उसने इस वर्ष ही कक्षा 11 में 78 प्रतिशत अंकों के साथ पास किया था। वहीं स्कूल के संचालक मिर्जा हसीब बेग ने बताया कि जैसे ही उन्हें हादसे की जानकारी मिली तो उन्हें बहुत ही अफसोस हुआ कि स्कूल का एक होनहार छात्र तेज़ रफ्तार वाहन का शिकार होकर मौत के आगोश में समा गया। उन्होंने बताया कि वह पढ़ाई में बहुत ही होनहार छात्र था और हर वर्ष परीक्षा में प्रथम श्रेणी से उत्तीण होता था। आजाद के दादा उसे पढ़ाई लिखाई में पूरा सहयोग करते थे।*

हरिभूमि न्यूज ⏭ सलामतपुर/दीवानगंज

बीती रात भोपाल विदिशा स्टेट हाइवे 18 के लांबाखेड़ा मोड़ के आगे एक तेज़ रफ़्तार आयशर मिनी ट्रक ने मोटरसाइकिल में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे मोटरसाइकिल सवार दो युवक गंभीर घायल हो गए। एक युवक को भोपाल ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई वहीं दूसरे युवक को भी गंभीर चोट आई हैं। जिसका अस्पताल में ईलाज जारी है। ट्रक चालक घटना को अंजाम देने के बाद मौके पर ट्रक छोड़कर फरार हो गया। सलामतपुर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर ट्रक को जब्त कर मामले को विवेचना में लिया है।

जानकारी अनुसार बीती रात लांबाखेड़ा गांव से शिवराज पिता कोमल सिंह उम्र 23 वर्ष और आज़ाद तेजले पिता अशोक तेजले उम्र 19 वर्ष दोनों निवासी लांबाखेड़ा थाना सलामतपुर अपनी मोटरसाइकिल एमपी38 एमएच 8214 से गांव से बेरखेड़ी चौराहा जा रहे थे। तभी रास्ते में एक तेज़ रफ़्तार एमपी09 जीई 9456 आयशर ट्रक जो भोपाल की और से आ रहा था ने टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गया। हादसे में आज़ाद तेजले की ईलाज के दौरान मौत हो गई और शिवराज को पैर सहित अन्य जगह चोटें आई है। मृतक आज़ाद तेजले का पोस्टमार्टम भोपाल के हमीदिया अस्पताल में कराने के उपरांत शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया है।

#### ग्रामीण बड़ी संख्या में अस्पताल के बाहर हो गए थे इकट्ठा

बीती रात को आज़ाद तेजले और शिवराज के एक्सीडेंट की खबर जैसे ही गांव में फैली तो बेरखेड़ी के एक निजी अस्पताल के बाहर गांव के सैंकड़ों ग्रामीणों की भीड़ इकट्ठा हो गई थी और ट्रक चालक को शीघ्र ही गिरफ्तार करने की मांग करने लगी थी। मौके पर सलामतपुर पुलिस ने पहुंचकर स्तिथि को नियंत्रण में लिया।

#### ट्रक जब्त किया

भोपाल विदिशा स्टेट हाइवे 18 के लांबाखेड़ा मोड़ के पास बीती रात आयशर ट्रक के एक्सीडेंट से मोटरसाइकिल सवार 1 युवक की मौत हो गई है और दूसरा युवक घायल है। वहीं ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। ट्रक ज़ब्त कर लिया है।

**- दिनेश सिंह रघुवंशी,** थाना प्रभारी सलामतपुर।

### नप अध्यक्ष प्रतिनिधि ने अंत्येष्टि सहायता राशि दी

**सिलवानी।** नगरीय निकाए की योजना के तहत मृत्यु उपरांत परिजनो को अंत्येष्टि सहायता राशि का चेक सौंपा गया। नगर के वार्ड क्रमांक 2 के रहवासी बृजलाल कुषवाहा के निधन उपरांत नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि विभोर नायक ने मृतक के घर पहुंच कर पहुंच कर उनके परिजनो को अंत्येष्टि सहायता राषि का चेक सौंपा व शोक संतप्त परिवार को ढाढंस बंधाया। इस मौके पर पार्षद प्रदीप कुषवाहा, लखन मेहरा,पार्षद प्रतिनिधि बाबू लाल ठाकुर, गुड्डु कंडेक्टर, मोहन साहू सहित वार्डवासी मौजूद रहें।

## जनप्रतिनिधियों तथा अधिकारियों ने श्रमदान कर तालाब की सफाई की

### बेहतर भविष्य के लिए जल का संरक्षण और संवर्धन जरूरीः सिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिलवानी



**पूर्व मंत्री ने जल संरक्षण व संवर्धन की दिलाई शपथ**

सियरमऊ में आयोजित संगोष्ठी में पूर्व कैबिनेट मंत्री रामपाल सिंह राजपूत द्वारा उपस्थित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, कर्मचारियों तथा नागरिकों को जल संरचनाओं को अनमोल सम्पदा मानकर इनका संरक्षण और संवर्धन करने, जल संरचनाओं तथा उनके आसपास गंदगी नहीं करने, जल संरचनाओं की स्वच्छता बनाए रखने तथा अधिक से अधिक पौधरोपण करने की शपथ दिलाई गई।

जल स्त्रोतों के संरक्षण और संवर्धन हेतु चलाए जा रहे जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत शनिवार को सिलवानी के ग्राम सियरमऊ में तालाब सफाई हेतु श्रमदान कार्यक्रम आयोजित किया। जिसमें पूर्व मंत्री रामपाल सिंह राजपूत, भाजपा मंडल अध्यक्ष विजय शुक्ला, दीपक रघुवंशी, नप अध्यक्ष प्रतिनिधि विभोर नायक, राकेश खरे धन्नू पटेल, जनपद सीईओ नीलम रायकवार सहित जनप्रतिनिधियों अन्य अधिकारियों द्वारा श्रमदान कर तालाब की सफाई की गई।

इसके उपरांत जल संरक्षण विषय पर संगोष्ठी का भी आयोजन किया गया। जिसमें पूर्व कैबिनेट मंत्री रामपाल सिंह राजपूत ने कहा कि जल अनमोल है। बेहतर भविष्य के लिए आज जल संरक्षण और संवर्धन महती आवश्यकता है। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की मंशानुरूप शुरू किए गए जल गंगा संवर्धन अभियान में प्रत्येक नागरिक को सहभागी बनना चाहिए। सभी नागरिक अपने आसपास के जल स्त्रोतों तथा संरचनाओं की सफाई करें, उनका जीर्णोद्धार करें जिससे कि बारिश का अधिक से अधिक पानी जल संरचनाओं में एकत्रित हो। संगोष्ठी में जनपद सीईओ नीलम रायकवार ने बताया कि 5 जून से सम्पूर्ण जिले के साथ जनपद पंचायत सिलवानी की 72 ग्राम पंचायतों में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जल स्त्रोत तथा संरचनाएं नदी, तालाब, कुए, बावड़ी, पोखर आदि की साफ-सफाई की जा रही है।

## सलामतपुर पुलिस की महिलाओं से अपील, चुप ना रहें मानव दुर्व्यवहार के विरुद्ध आवाज उठाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ सलामतपुर



थाना पुलिस क्षेत्र में महिलाओं से जुड़े अपराधों से संबंधित जानकारी देने के साथ ही महिलाओं को अपराधों से बचने के लिए जागरूक कर रही है। शनिवार को थाने के प्रधान आरक्षक विकास श्रीवास्तव, प्रधान आरक्षक जितेंद्र वर्मा, गणेश रघुवंशी, मंगलेश मालवीय, हेत सिंह मीणा, आरक्षक रोहित गोस्वामी और महिला आरक्षक रीना राजपूत ने राजीवनगर और आसपास क्षेत्र सहित थाने आने वाली महिलाओं को महिला सुरक्षा संबंधी जानकारी उपलब्ध कराने के साथ ही मानव दुर्व्यापार क्या है और महिला हेल्पलाइन नंबर भी बताए। उन्होंने महिलाओं को बताया कि बच्चों से भीख मंगवाना, अश्लील सामग्री तैयार करवाना, जबरदस्ती काम करवाना, महिलाओं बच्चों की खरीद-फरोख्त कर उनसे वेश्यावृत्ति कराना, अवैध तरीके से बच्चे गोद लेना, महिलाओं, बच्चों, पुरुषों को गुमराह कर उनसे बंधुआ मजदूरी करवाना, महिलाओं बालिकाओं की खरीद-फरोख्त कर उनसे जबरन शादी करना, नौकरी अच्छे रोजगार का लालच देकर अपने चंगुल में फंसाना और इसके साथ ही महिलाओं को यह भी बताया कि पीड़ितों की कैसे पहचान करें। इसके साथ ही महिला हेल्पलाइन नंबर 1090, पुलिस हेल्पलाइन 100/112, साइबर हेल्पलाइन 1930, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, राष्ट्रीय महिला आयोग 7827170170, एंटी ट्रैफिकिंग हेल्पलाइन 10582, मेरी ट्रस्ट लाइन बच्चों की ऑनलाइन परेशानी हेतु 6363176363 व पुलिस मोबाइल ऐप से संबंधित जानकारी महिलाओं को उपलब्ध कराई गई। वहीं थाना प्रभारी दिनेश सिंह रघुवंशी ने बताया कि थाना क्षेत्र के अंतर्गत गांव गांव जाकर पुलिस महिलाओं को अपराधों से बचने और उनके अधिकार सहित हेल्पलाइन नम्बर भी उपलब्ध करा रही हैं।

### ग्रामीण क्षेत्रों में हुई एक घंटा खूब हुई बारिश



**दीवानगंज।** दीवानगंज सहित ग्रामीण अंचलों में शनिवार शाम 5 बजे तेज बारिश हुई। इसके बाद मौसम साफ हो गया लेकिन दिन में तेज घूप निकली। इसकी वजह से बारिश का तापमान पर ज्यादा असर देखने को नहीं मिला। हालांकि, पूरे दिन मौसम सुहावना बना रहा और तेज हवाएं चलती रही। बारिश से मौसम सुहावना हो गया। बारिश से किसानों के चेहरे के लुटे हैं। गर्मी से तपती ज़मीन को बारिश के मौसम का बेसब्री से इंतज़ार रहता है। सभी प्राणी राहत पाने के लिए बादलों की ओर आशा से देखते हैं।